अमर उजाला 22/02/2024

काव्य प्रतियोगिता में जीती ट्राफी

अंबाला सिटी। एमडीएसडी कॉलेज में वार्षिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता की चमन लाल अग्रवाल मेमोरियल काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तरुण और मनोरमा ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए रनिंग ट्राफी हासिल की। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने हिंदी विभाग को दी। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रभाषा विचार मंच द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने मातृभाषा और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संवाद